जगदलपुर, रविवार 10 फरवरी 2019

राजधानी

दण्डकारण्य समाचार | 3

www.dandakaranyasamachar.com

मुख्यमंत्री का दौरा कार्यक्रम

रायपुर, 09 फरवरी । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल 10 फरवरी को राजनांदगांव, बलौदाबाजार-भाटापारा, रायपुर और पड़ोसी राज्य ओड़िशा के खरियार में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सवेरे 10.30 बजे भिलाई-3 से हेलीकॉप्टर से रवाना होकर राजनांदगांव जिले की ग्राम पंचायत खुर्शीटिकुल के ग्राम देवरी (विकासखण्ड-डोंगरगांव) पहुंचेंगे और गाड़ा (गंधर्व) महोत्सव एवं बसंत पंचमी कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे ग्राम देवरी से रवाना होकर दोपहर 12.40 बजे सिमगा (जिला-बलौदाबाजार) पहुंचेंगे और वहां मां परमेश्वरी पूजा महोत्सव में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 1.40 बजे सिमगा से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर दो बजे रायपुर पहुंचेंगे और दोपहर 2.10 बजे गुढ़ियारी में आयोजित मां परमेश्वरी पूजा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। बघेल अपरान्ह तीन बजे विधानसभा पहुंचेंगे और प्रबोधन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपरान्ह 3.30 बजे विधानसभा से हेलीकॉप्टर द्वारा ओड़िशा के नुवापाड़ा जिले स्थित खरियार के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री वहां रात सात बजे राजा ए.टी. हाई स्कूल में आयोजित खरियार महोत्सव में शामिल होने के बाद रात्रि 11 बजे रायपुर लौट आएंगे।

तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मजदूर की मौत

रायपुर,09 फरवरी । कंपनी से वापस घर जा रहे मजदूर को तेज रफ्तार वाहन ने देर रात अपने चपेट में ले लिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार वंदना ग्लोबल कंपनी सिलतरा से काम कर अन्य कर्मचारियों के साथ सायकिल से घर जा रहे व्यक्ति को चरोदा एन एच 30 मार्ग पर जगदम्बा ट्रेडर्स के पास तेज रफ्तार ट्रक ने महेन्द्र कुमार निषाद को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया व सायकिल क्षतिग्रस्त हो गई। कंपनी में साथ काम करने वाले राजेन्द्र धीवर व भीषम सिंह एवं देवेन्द्र कुमार साहू ने महेन्द्र कुमार निषाद को 108 की मदद से धरसींवा ले गये जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ 304ए के तहत मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

पंडित श्यामाचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर समाधि स्थल में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन 14 को

रायपुर, 09 फरवरी । महापौर प्रमोद दुबे एवं नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के अध्यक्ष राधेश्याम विभार ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम संस्कृति विभाग ने राजधानी के महादेवघाट खारून नदी के तट पर स्थित अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक पंडित श्यामाचरण शुक्ल के समाधि स्थल श्यामघाट में उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें ससम्मान नमन करने दिनांक 14 फरवरी 2019 को सुबह 10 बजे पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा है। महापौर दुबे व निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष विभार ने नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग की ओर से समस्त राजधानीवासियों से अविभाजित मध्यप्रदेष के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक पंडित श्यामाचरण शुक्ल को उनकी पुण्यतिथि पर ससम्मान नमन करने 14 फरवरी को सुबह 10 बजे उनके समाधि स्थल महादेवघाट स्थित श्यामघाट में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

सिलतरा में टायर फैक्ट्री में लगी भीषण आग

रायपुर, 09 फरवरी । रायपुर जिले के धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलतरा में स्थित एक टायर फैक्ट्री में शनिवार शाम को भीषण आग लग गई। आग लगने से वहां किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, हालांकि इस आगजनी में फैक्ट्री में रखे लाखों के टायर जलकर खाक हो गए। इस घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे दमकल विभाग की टीम को कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग कैसे लगी इसका पता अभी नहीं चल पाया है। मिली जानकारी के अनुसार सिलतरा स्थित एक टॉयर फैक्ट्री में आज शाम को अचानक आग लग गई। इससे पहले की आग पर स्थानीय लोग काबू पाते आग देखते ही देखते भयंकर रूप ले लिया और फैक्ट्री में रखे बड़े तादात में टॉयरों को अपनी लपटो में ले लिया। इधर आग लगने की सूचना दमकल विभाग को करीब 5.30 बजे दी गई। जिसके बाद दमकल विभाग की पहले दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। लेकिन दो गाड़ियों से आग पर काबू नहीं पाया जा सका, जिसके बाद यहां तीन अन्य गाड़ियां मौके पर पहुंची। इस तरह यहां करीब 5 गाड़ियां आग पर काबू पाने के लिए बार-बार फेरे लगा रही है। हालांकि करीब 3 से 4 घंटे की मशक्कत के बाद आगू पर काबू पा लिया गया है।

छत्तीसगढ़ विधान सभा में नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम प्रारंभ

रायपुर, 09 फरवरी । छत्तीसगढ़ राज्य की पंचम विधान सभा के लिए निर्वाचित सदस्यों के लिए विधान सभा परिसर स्थित समिति कक्ष में आज दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन नर्मदा प्रसाद प्रजापति, अध्यक्ष, मध्य-प्रदेश विधान सभा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, संसदीय कार्यमंत्री रविन्द्र चैबे, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, राजगोपाल पी.व्ही, संस्थापक एकता परिषद, समस्त विधायकगण, मध्य-प्रदेश विधान सभा के प्रमुख सचिव ए.पी.सिंह तथा छत्तीसगढ़ विधान सभा के सचिव चन्द्र शेखर गंगराड़े उपस्थित थे। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष चरणदास महंत ने कहा कि शिक्षा, प्रशिक्षण एवं ज्ञानार्जन के लिए आयु एवं वरिष्ठता की सीमा नहीं होती हैं। योग्य एवं अनुभवी जनों का मार्गदर्शन अनुकरणीय होता हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय सदन की गरिमा सभा के सदस्यों के कार्य विचार और व्यवहार पर निर्भर करती हैं इसलिए सदस्यों का शिष्ट तथा संसदीय आचरण ही सदन की गरिमा को बनाये रखने के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने सदस्यों से अनुरोध किया कि जिस भावना के साथ उनके निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं ने उन पर विश्वास व्यक्त किया है। उनके विश्वास की रक्षा करना और संसदीय परंपराओं, प्रक्रियाओं का परिपालन करते हुए उनकी अपेक्षाओं को पूर्ण करना सदस्यों का प्रथम दायित्व होना चाहिए। उद्घाटन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नर्मदा प्रसाद प्रजापति ने प्रश्न, प्रश्नकाल, प्रश्न से उद्भूत विषय पर आधे घंटे की चर्चा'' पर सदस्यो को संबोधित किया। इस अवसर पर अपने उदबोधन मे नर्मदा प्रसाद प्रजापति, अध्यक्ष म.प्र. विधानसभा ने कहा कि-वे 1985 में प्रथम बार मध्य-प्रदेश विधान सभा मे निर्वाचित होकर आए उस समय मध्य-प्रदेश विधान सभा में अर्जुन सिंह, कैलाश जोशी, विक्रम वर्मा, बाबूलाल गौर जैसे दिग्गज नेता थे जिनके अनुभवों से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला। उन्होंने कहा कि सदन में हमारा आचरण एवं व्यवहार मीडिया के माध्यम से हमारे क्षेत्र की जनता के बीच जाता है। उन्होंने इस बात का पर चिंता व्यक्त की कि-आज सदन में गंभीरता और शिष्टता धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सदन में हमारी भाषा में संयम होना चाहिए, जिससे कि वह किसी व्यक्ति विशेष की भावनाएं आहत न हो। मध्य-प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति ने ''प्रश्न, प्रश्नकाल प्रश्न से उद्भुत विषय पर आधे घंटे की चर्चा'' विषय पर सदस्यों को सारगर्भित एवं महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि-प्रश्न का प्रारूपण एक अत्यंत महत्वपूर्ण विधा है और इसे समझने के लिए हमें पूरे समय विधान सभा की कार्यवाही में भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि-प्रबोधन कार्यक्रम के माध्यम से सदस्यों के कार्य, व्यवहार, दक्षता एवं प्रखरता में वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि-सभी सदस्यों को पक्ष-विपक्ष की भावना से ऊपर उठकर प्रदेश एवं जनता की खुशहाली के सतत् प्रयास करते हुए जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। इसके पूर्व अपने स्वागत उद्बोधन में विधान सभा सचिव चन्द्रशेखर गंगराड़े ने कहा कि-नवनिर्वाचित सदस्यो को संसदीय विषयों की प्राथमिक जानकारी और संसदीय शब्दावली से परिचय कराना ही इस प्रबोधन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हैं जिससे कि सभी मा.सदस्यों की सभा की कार्यवाही में संसदीय परंपराओं और प्रक्रियाओं के अनुरूप सहभागिता सुनिश्चित हो। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नर्मदा प्रसाद प्रजापति, अध्यक्ष म.प्र.विधान सभा का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

रायपुर राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक में चर्चा करते हुए प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया।

रायपुर- मौसम बदलने के साथ ही पतझड़ आने का संकेत देता सेमर का पेड़।

भूपेश सरकार की दिशा भटकी, नारा देने वाले ही भूले नरवा, गरुवा, घुरुवा और बाड़ी को - भाजपा

रायपुर, 09 फरवरी । भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने राज्य सरकार के बजट को निराशा जनक बताते हुए कहा कि कांग्रेस जन घोषणा पत्र को भूल कर आधी अधूरी बातें कर रही है। लगभग 70 वादे कर सरकार में आए भूपेश सरकार ने युवाओं, महिलाओं व सभी वर्गों को छलने का काम किया है। भूपेश सरकार का बजट छत्तीसगढ़ को आगे ले जाने वाला नहीं दिखता और कोई विजन दिखाई पड़ा।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कांग्रेस सरकार के पहले बजट को छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाई देने में असमर्थ बताते हुए कहा कि बजट की दिशा भटकी हुई है और नरवा, गरुवा, घुरुवा और बाड़ी का नारा खोखला साबित हुआ है। किसानों को कर्ज के नाम पर छलने के बाद बिजली बिल हॉफ करने के वादे से भी सरकार मुकरी। केवल 400 यूनिट तक हॉफकर सरकार ने घरेलू उभोक्ता के साथ इंडस्ट्री को भी धोखा दिया है। 10 लाख बेरोजगारों को 2500 रुपए देने का कहीं कोई जिक्र नहीं है, 60 वर्ष वालों को एक हजार व 75 वर्ष वालों को 1500 रु. प्रतिमाह, व विधवाओं को एक हजार रु. प्रतिमाह की बात ना कर भूपेश सरकार ने प्रदेश को ठगने का काम किया है। कौशिक ने कहा कि चिटफंड कम्पनी द्वारा ठगे लोगों को पैसा वापस करने का वादा कर सरकार में आए कांग्रेसियों ने चिटफंड कम्पनी की तरह ही पीड़ित लोगों को ठगने का काम किया है यह अक्षम्य है।

भाजपा महामंत्री सुभाऊ कश्यप, गिरधर गुप्ता व संतोष पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने पहले बजट में चुनावी वादों पर खरी नहीं उतरी है। कांग्रेस पार्टी 55 साल राज्य करने के अपने पुराने ट्रैक पर वापस आ गयी है। जिस प्रकार गरीबी हटाओ के नारा को कभी पूरा नहीं कर पाए वैसे ही जन घोषणा पत्र को पुरा करने की क्षमता सरकार में नहीं दिख रही है। लगभग 200 फूट पार्क की बात करने वाले केवल 5 फूट पार्क के लिए 50 करोड़ का प्रावधान किया गया है जिससे स्पष्ट है किसानों को कर्जमाफी की तरह उनके उत्पादों की फूट पार्क में प्रोसेसिंग कर संरक्षित करने के वादे से भी हाथ उठाते दिख रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की सरकार अपने पहले बजट में ही अनुत्तरित हो गई है।

भाजयुमो अध्यक्ष विजय शर्मा व महामंत्री संजु नारायण सिंह ने राज्य बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि युवाओं के लिए इस बजट में कुछ भी नहीं है। ना ही बेरोजगारी भत्ते पर कुछ प्रावधान है, ना ही युवाओं के रोजगार के लिए कोई रोड मैप दिखता है। 10 लाख बेरोजगारों को भत्ता देने की बात कर युवाओं का वोट पाने वाले अब मुकर गए। यह शर्मनाक है। बजट में शिक्षा कर्मी युवा भाई बहनों के साथ 2 वर्ष के बाद नियमितीकरण करने के लिए भी कोई चर्चा नहीं की गई। यह साफ़तौर पर युवा, भाई बहनों के साथ धोखा है।

भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती पूजा विधानी ने कहा कि चुनाव में महिलाओं के वोट पाने के लिए पूर्ण शराबबंदी व महिला स्वसहायता समूह का सभी कर्जा माफ करने की बात की थी लेकिन बजट में इन दोनों बातों का कहीं कोई जिक्र नहीं किया गया है। जनघोषणापत्र बनाने वाले छत्तीसगढ़ शासन में मंत्री टी.एस. सिंहदेव के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिलाओं के साथ अन्याय किया है। छत्तीसगढ़ सरकार का बजट पूर्ण रुप से फ्लाप शो रहा है। यह सरकार अपने वादे से भागती दिख रही है।

निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय किये जाने पर हुई कार्यवाही

रायपुर, 09 फरवरी । कलेक्टर डॉ. बसवराजु एस. ने जिले में अवैध शराब बिक्री और सार्वजनिक स्थल पर मद्यपान को रोकने तथा शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय किये जाने पर कार्यवाही के निर्देश दिये थे। इसके लिए आबकारी अमले की विभिन्न टीमों द्वारा गत दिवस रायपुर स्थित मदिरा दुकानों, होटल, ढाबों में दबिश दी जाकर गहन जांच की गई। इस कार्यवाही में ढाबों में शराब पीने की सुविधा प्रदान किये जाने के कारण ढाबा संचालकों पर कार्यवाही कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 4 प्रकरण दर्ज किया गया। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थल पर मद्यपान करते हुए पाये जाने पर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई।

इसके अतिरिक्त विभाग की टीम द्वारा मदिरा दुकानों में शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय पाये जाने पर विदेशी मदिरा दुकान मंदिर हसौद एवं विदेशी मदिरा दुकान संतोषी नगर के कर्मचारियों को निकालने की कार्यवाही की जा रही है। आबकारी व जांच दल में सहायक आबकारी अधिकारी रमेश अग्रवाल व रमेश तिवारी एवं आबकारी उप निरीक्षक सुकल्पना राठौर, जी.आर आडे, श्रीमती निलम सिंह, सुजेबा खान एवं श्रीमती सुप्रिया तिवारी शामिल थे।

राज्य प्रशासनिक सेवा के 16 अधिकारियों का तबादला

रायपुर, 09 फरवरी । राज्य शासन ने शुक्रवार शाम राज्य प्रशासनिक सेवा के 16 अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार फूलसिंह ध्रुव को अपर कलेक्टर कबीरधाम से अपर कलेक्टर कोरिया, दिलीप कुमार अग्रवाल को अपर कलेक्टर दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा से अपर कलेक्टर धमतरी, राम आधारी कुरुवंशी को अपर कलेक्टर मनेन्द्रगढ़ बस्तर कोरिया से अपर कलेक्टर रायगढ़, एस.एन. मोटवानी को अपर कलेक्टर दुर्ग से उप सचिव छग अटलनगर नया रायपुर, तीर्थराज अग्रवाल को संयुक्त कलेक्टर बलौदाबाजार भाटापारा से उप सचिव छग राज्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय रायपुर, प्रेमकुमार पटेल को डिप्टी कलेक्टर धमतरी से डिप्टी कलेक्टर दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, देवेन्द्र पटेल को डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर से डिप्टी कलेक्टर दुर्ग, सुश्री शिम्मी नाहिद को डिप्टी कलेक्टर कोरबा से प्राचार्य राजस्व प्रशिक्षण शाला बिलासपुर, अजय कुमार उरांव को डिप्टी कलेक्टर जांजगीर-चांपा से डिप्टी कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा, प्रणव सिंह को प्रबंधक छग राज्य नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर से डिप्टी कलेक्टर रायपुर, आनंदरूप तिवारी को मु.का.अधिकारी जनपद पंचायत नवागढ़ बेमेतरा से डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर, खेमलाल वर्मा को डिप्टी कलेक्टर कोण्डागांव से डिप्टी कलेक्टर दुर्ग, मनोज कुमार केसरिया को डिप्टी कलेक्टर बलौदाबाजार भाटापारा से डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर, कैलाश प्रसाद वर्मा को डिप्टी कलेक्टर दुर्ग से अतिरिक्त मु.का.अधि. रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर, सुश्री मोनिका कौड़ो को मु.का.अधिकारी, जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी राजनांदगांव से उपायुक्त (राजस्व) संभागीय आयुक्त कार्यालय दुर्ग, मिथिलेश डोंडे को डिप्टी कलेक्टर सरगुजा से डिप्टी कलेक्टर बेमेतरा।

राजधानी में बेमौसम बारिश से फिर लौटी ठंड

रायपुर,09 फरवरी । राजधानी में आज सुबह से छायी बदली के बीच किश्तों में हुई हल्की बारिश ने एक बार फिर यहां ठंड लौट आई है।

राजधानी में आज सुबह बादलों में बदली छायी रही, वहीं दिनभर में कई किश्तों में हल्की और बूंदाबांदी भी होते रही। बारिश होने के साथ ठंडी हवाओं ने शहर का तापमान में भी गिरावट आया। इससे एक बार यहां ठंड लौट आई। पिछले कुछ दिनों से राजधानी में ठंड की लगभग विदायी हो गयी थी, लेकिन आज हुई बारिश के बाद ठंड फिर लौट आई है। ठंड के लौटने से लोग एक बार फिर गरम कपड़ों का सहारा लेने लगे है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटे के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना जताती है।

छत्तीसगढ़ का विकास रोकने वाला बजट-बृजमोहन

रायपुर, 09 फरवरी । छत्तीसगढ़ विधानसभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा किया यह बजट छत्तीसगढ़ प्रदेश के विकास को रोकने वाला बजट। यह बजट घोषणाओं और आंकड़ों के मायाजाल के अलावा कुछ भी नही है। इसमें लोकहित की अनदेखी तो हुई ही है, इसमें कांग्रेस सरकार अपने किये वादों से कदम पीछे हटाती दिख रही है।

इस बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए सरकार की कोई नीति नही है। सड़क,पानी,बिजली व स्वास्थ्य के लिए कोई अतिरिक्त व्यवस्था इस बजट में नही है। यह अपरिपक्व बजट है। बृजमोहन ने कहा कि कांग्रेस ने अपने जन घोषणा पत्र में बड़े-बड़े वादे किए थे। परंतु उन वादों पर अमल करते हुए उनकी सरकार दिखाई नहीं पड़ रही है। शिक्षा कर्मियों के नियमितीकरण का वादा उन्होंने ठंडे बस्ते में डाल ही दिया है। सरकारी कर्मचारियों से वादाखिलाफ़ी करते हुए उन्हें महंगाई भत्ता भी कांग्रेस की यह सरकार नहीं देने जा रही है।

बिजली बिल आधा करने,पूर्ण शराबबंदी व प्रदेश के 10 लाख युवाओं को बेरोजगारी भत्ता की बात भी कांग्रेस की यह सरकार भूल गई है। ये सारी बाते बजट से गायब है। झूठे वादों के दम पर आई हुई कांग्रेस की सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर रही है। यह बजट जन भावनाओं के साथ खिलवाड़ के अलावा कुछ भी नहीं है।

राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों का दल सड़कों की गुणवत्ता जांचने आयेगा

रायपुर, 09 फरवरी । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत राज्य के विभिन्न जिलों में निर्माणाधीन सड़कों में तृतीय स्तर के गुणवत्ता परीक्षण के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों का दल चालू माह फरवरी में यहां आएगा। राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास अधिकरण के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि फरवरी माह में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक दलजीत सिंह वालिया कोरिया एवं बिलासपुर जिलों में निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण करेंगे। उनका मोबाइल नंबर 096467-00051 है। इसी प्रकार कमलेश कुमार त्यागी कोण्डागांव एवं बस्तर जिलों की सड़कों की गुणवत्ता जांचेंगे। त्यागी का मोबाइल नंबर 094122-06640 और 088990-01001 है। राजनांदगांव एवं कांकेर जिलों की सड़कों की जांच विजय कुमार वास्तव करेंगे। उनका मोबाइल नंबर 094311-06230 और 070707-99381 है। फणेन्द्र शेखर शर्मा बालोद एवं धमतरी जिलों में निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण करेंगे। उनका मोबाइल नंबर-094254-27296 और 079879-41351 है। सियामल राय चौधरी बलरामपुर एवं जशपुर जिलों में निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता की जांच करेंगे। उनका मोबाइल नंबर 094322-79718 और 087770-72129 है। कुलदीप राव कवर्धा और बेमेतरा जिलों में निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता की जांच करेंगे। उनका मोबाइल नम्बर 094180-45000 है। अनिल कुमार दुर्ग और रायपुर जिलों में निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता की जांच करेंगे। उनका मोबाइल नम्बर 094154-83991 और 079067-80185 है। अजय कुमार भिण्डल दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों में निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता जांचेंगे। उनका मोबाइल नम्बर 094522-73298 और 080765-46258 है। अरविन्द कुमार भाटिया सूरजपुर एवं कोरबा जिलों में निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता की जांच करेंगे। उनका मोबाइल नम्बर 094153-23836 है।

लोकसभा निर्वाचन 2019: व्यय निगरानी के लिए नियंत्रण एवं कॉल सेंटर स्थापित

रायपुर, 09 फरवरी ।। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. बसवराजु एस. ने लोकसभा निर्वाचन-2019 हेतु रायपुर जिले में निर्वाचन व्यय निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेंटर स्थापित कर दिया है। नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेन्टर के लिए संयुक्त संचालक (वित्त) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग शांति खाखा (मो. 9630823724) को नोडल तथा उनके सहायक के रूप में सहायक लेखा अधिकारी संचालनालय भू-अभिलेख नया रायपुर मनीष मिश्रा (मो. 9179994820), लेखाधिकारी कार्यालय प्रधानमंत्री आवास योजना नया रायपुर शरद कुमार परसाई (मो. 9425433750) को नोडल तथा इनके सहायक के रूप में सहायक लेखाअधिकारी आदिमजाति एवं आदिवासी विकास नया रायपुर गोवर्धन प्रसाद वर्मा (मो. 9111443730), सहायक संचालक संचालनालय मछलीपालन अटल नगर लारेंस तिर्की (मो. 997712394) को नोडल तथा इनके सहायक के रूप में सहायक लेखाधिकारी समाज कल्याण नया रायपुर के.के. कुर्रे (मो. 7646964698), सहायक संचालक (वित्त) संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं बदन सिंह ठाकुर (मो. 9826850127) को नोडल तथा इनके सहायक के रूप में सहायक लेखा अधिकारी लोक सेवा आयोग नकछेद वर्मा (मो. 7646964698) और लेखा अधिकारी महानदी गोदावरी जल संसाधन विभाग अभिषेक शर्मा (मो. 9329129171) को नोडल और उनके सहायक के रूप में सहायक लेखाधिकारी संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म नया रायपुर किशोरी साहू (मो. 7974988501) को रिजर्व में रखा गया है।